दिनांकः 09.10.2024
समय : 18.30 पीएम

प्रादेषिक समाचार

- केन्द्र सरकार ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में दो हजार दो सौ 80 किलोमीटर सडकों के निर्माण को मंजूरी दी।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने परम्परागत औषधि की उपलब्धता बढ़ाने के लिये युवाओं द्वारा आयुर्वेद क्षेत्र में उद्यम लगाने पर जोर दिया।
- पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने मोबाइल वेटरनरी यूनिट कॉल सेंटर का लोकार्पण किया।
- जयपुर में सवाईमानसिंह मेडिकल कॉलेज में आज दूसरे दिन भी रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर रहे।

0000

केन्द्र सरकार ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में दो हजार दो सौ 80 किलोमीटर सडकों के निर्माण को मंजूरी दी है। आज केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में ये फैसला लिया गया। बैठक के बाद केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पर 4 सौ करोड रुपये से अधिक खर्च होंगे। उन्होंरने कहा कि इससे सीमावर्ती क्षेत्रों के बीच सम्पेर्क और उन तक पहुंच आसान हो जायेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बनेंगे। मंत्रिमण्डल ने इसके साथ ही लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए सूक्ष्मग पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति को मंजूरी दे दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि इससे लोगों को बेहतर पोषण मिलेगा।

0000

श्री वैष्णव ने विकास भी विरासत भी पहल का उल्लोख करते हुए कहा कि भारत की समृद्ध समुद्री विरासत रही है। इसे संरक्षित किया जाना जरूरी है। सरकार ने इसे देखते हुए गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने को मंजूरी दे दी है। उन्हों्ने कहा कि इस परिसर के जरिए देश की समृद्ध समुद्री विरासत को प्रदर्शित किया जायेगा।

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने परम्परागत औषधि की उपलब्धता बढ़ाने के लिये युवाओं द्वारा आयुर्वेद क्षेत्र में उद्यम लगाने पर जोर दिया है। आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के स्थापना दिवस समारोह का शुभारम्भ करते हुए श्रीमती मुर्मू ने कहा कि भारत में आयुर्वेद हमेशा से लोगों के जीवन का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग नकली दवाओं को प्रमोट कर रहे हैं, जिससे आमजन को नुकसान होता है। उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का आव्हान किया।

0000

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में आयुर्वेदिक कॉलेजों में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले दिनों में आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस मौके पर श्रीमती मुर्मू ने आयुष प्रदर्शनी और आयुष औषधि केन्द्र का शुभारम्भ किया। समारोह में आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव भी मौजूद थे।

0000

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार दसवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। रेपो दर को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। रिजर्व बैंक ने स्थायी जमा सुविधा दर छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर तथा बैंक दर छह दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनाये रखी है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने विकास पर ध्यान केन्द्रित करने और मुद्रास्फीति को लक्ष्य के भीतर बनाये रखने के लिए मौद्रिक नीति रूख को बदलकर तटस्थ करने का निर्णय लिया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि वित्तीय वर्ष 2024–25 की पहली तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो निजी खपत और निवेश से प्रेरित है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिये रक्षा मंत्रालय की एक बड़ी पहल के बारे में बता रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सुखोई–30एमकेआई विमान के लिए 240 एएल–31एफपी एयरो इंजन खरीदने के वास्ते हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एचएएल के साथ एक अनुबंध किया है। इन हवाई इंजनों का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा और उम्मीद है कि ये देश की रक्षा तैयारियों के लिए सुखोई–30 बेड़े की परिचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए भारतीय वायुसेना की ज़रूरतों को पूरा करेंगे। एचएएल अनुबंधित डिलीवरी शेड्यूल के अनुसार हर साल 30 हवाई इंजन की आपूर्ति करेगा। सभी 240 इंजनों की आपूर्ति अगले आठ वर्षों की अवधि में पूरी हो जाएगी। इन हवाई इंजनों के विनिर्माण के दौरान, एचएएल देश के रक्षा विनिर्माण परितंत्र से सहायता लेने की योजना बना रहा है, जिसमें एमएसएमई और सार्वजनिक तथा निजी उद्योग शामिल हैं। डिलीवरी कार्यक्रम के अंत तक एचएएल स्वदेशीकरण सामग्री को 63 प्रतिशत तक बढ़ादेगा, जिससे इसका औसत 54 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। इससे हवाई इंजन के मरम्मत कार्यों में स्वदेशी सामग्री को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

0000

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने आज जयपुर में मोबाइल वेटरनरी यूनिट के कॉल सेंटर का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमावत ने कहा कि पशुपालकों को इस कॉल सेंटर से लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि घर घर जाकर ये मोबाइल वेटरनरी यूनिट पशुओं का उपचार करेगी। इस यूनिट में एक डॉक्टर, एक पशुधन सहायक और एक ड्राइवर होगा। कार्यक्रम को पशुपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने भी संबोधित किया। पशुपालन विभाग की ओर से बताया गया कि प्रत्येक 1 लाख पशुओं पर एक मोबाइल वेटरनरी यूनिट काम करेगी। प्रदेश में 536 मोबाइल वेटरनरी यूनिट के माध्यम से पशु चिकित्सा मिलेगी। कॉल सेंटर पर 10 पशु चिकित्सक और तकनीकी चिकित्सा कर्मियों का दल रहेगा। सामान्य रोगों के उपचार के लिए टेली मेडिसिन व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पशु प्रबंधन और पशुओं के पोषण के लिए सलाह भी दी जाएगी।एकीकृत कॉल सेंटर शुरू होने पर हनुमानगढ जिला कलेक्टर काना राम ने यूनिट का अवलोकन किया। पशुपालन वभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. हरीश गुप्ता ने बताया कि जिले में 11 मोबाइल वेटरनरी यूनिट संचालित हो रही हैं। सवाईमाधोपुर में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव गर्ग ने सरकारी पशु अस्पताल से सात वेटरनरी मोबाइल यूनिट को रवाना किया। झालावाड़ में शुभारम्भ समारोह में प्रत्येक ब्लॉक में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और पशुपालकों ने भाग लिया। पंचायत समिति डग और भवानीमण्डी में विधायक कालूराम मेघवाल उपस्थित रहे।

0000

जोधपुर में कांगो फीवर से एक महिला की मृत्यु होने के बाद चिकित्सा प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। इस महिला की कल अहमदाबाद में मृत्यु हो गई है। मृतक महिला जोधपुर के नजदीक नांदडा कला गांव की रहने वाली थी। महिला को 30 सितंबर को तबियत खराब होने पर निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। अहमदाबाद से ही सैंपल पुणे लैब भेजा गया, जहां कांगो फीवर की पुष्टि हुई है। जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ रवि प्रकाश माथुर ने आकाशवाणी को बताया कि प्रभावित इलाको में रेपिड रेस्पॉन्स टीम भेजने के निर्देश दिए गए हैं। बीमारी को काबू में करने के लिए लक्षण वाले मरीजों का सेम्पल लेकर तुरंत जांच कराने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि जोधपुर में साल 2019 ओर 2015 में भी कांगो फीवर से लोगों की मौत हो गई थी। कांगो फीवर विषाणु जनित रोग है। यह बीमारी हिमोरल नामक परजीवी से फैलती है, जो कि घर पर पाले जाने वाले पशुओं की चमड़ी पर पाया जाता है। इसलिए जानवरों के संपर्क में रहने वाले लोग इसकी चपेट में आ जाते हैं। इस वायरस की चपेट में आने पर मरीज को तेज बुखार आता है। इसके साथ ही आंखों में जलन, रोशनी से डर, चक्कर और मांशपेशियों में तेज दर्द होता है। इसके अलावा मरीज की पीठ में दर्द, उल्टी और गला बैठ जाने जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं।

0000

जयपुर में सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में आज दूसरे दिन भी रेजिडेंट्स की हड़ताल जारी रही। हालांकि आपातकालीन सेवाएं सुचारू हैं और वहां रेजीडेंट अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस हड़ताल के कारण

स्वास्थ्य सेवाऐं प्रभावित हुई हैं और मरीजों तथा उनके परिजनों को परेशान होना पड़ा। कई ऑपरेशन भी टाले गए हैं। रेजिडेंट डॉक्टर अपनी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। रेजीडेंट डॉक्टरों ने प्रशासन को आठ सूत्री मांग पत्र दिया है। इनमें पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के अलावा स्टाइपेंड में 30–35 फीसदी की बढ़ोतरी, स्पेशलिटी चिकित्सा अधिकारी की सीधी भर्ती, अनिवार्य बॉन्ड की शर्त को हटाने, सीनियर रेजीडेंट की वेतन विसंगति दूर करने जैसी मांग शामिल हैं ।

0000

प्रदेश में नवरात्रि के दौरान देवी मन्दिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। करौली के कैलादेवी मन्दिर में देशभर से श्रद्धालु दर्शनों के लिये पहुंच रहे हैं। सलूम्बर में जावर माइंस स्थित जावर स्टेडियम में आज से शारदीय नवरात्रि मेला शुरू हुआ। मेले को लेकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में 50 हजार से ज्यादा लोग उपस्थित होते हैं।

वहीं सीमा से सटे क्षेत्र में तनोट माता मन्दिर में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि इस मन्दिर में हर व्यवस्था का जिम्मा सीमा सुरक्षा बल की ओर से संभाला जा रहा है।

0000

नवरात्रि के दौरान प्रदेश में जगह–जगह गरबा महोत्सव हो रहे हैं। सांचौर में स्थानीय लोगों के साथ गुजराती कलाकार भी गरबा की धूम मचाये हुए हैं। चित्तौडगढ में चल रहे नवरात्रा महोत्सव के तहत गरबा पांडालों में शाम होते ही डांडियों की खनक शुरू होती हैं जो देर रात तक चलती हैं। चित्तौड़ शहर में हो रहे डांडिया कार्यक्रमों मेें विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं।

0000